प्रोफेशनल्स होंगे इन्वेस्ट यूपी की पहचान

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने निवेश आकर्षित करने और परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए गठित निवेश प्रोत्साहन एवं सुविधा एजेंसी (इन्वेस्ट यूपी) को पेशेवर स्वरूप देने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके अंतर्गत 44 पेशेवर अधिकारियों व कर्मचारियों को नियुक्त करने का प्रस्ताव है।

सरकार ने 44 पेशेवर अधिकारियों-कर्मचारियों की नियुक्ति का किया फैसला

अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आलोक कुमार ने बताया कि इन्वेस्ट यूपी में अनुभवी तथा व्यापार और प्रबंधन क्षेत्र से उच्च योग्यता प्राप्त पेशेवर अधिकारियों की नियुक्ति होगी। पहले चरण में इन्वेस्ट यूपी के सीईओ के निर्देशन में निवेश प्रोत्साहन कार्यों का नेतृत्व करने के लिए एक चीफ ऑपरेटिंग ऑफि सर (सीओओ) सहित पांच अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। सीओओ की नियुक्ति तथा कार्यमुक्ति की कार्यवाही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अनुमोदन से होगी। मुख्यमंत्री इन्वेस्ट यूपी की गवर्निंग बोर्ड के अध्यक्ष हैं। इसी तरह एक डिवीजन हेड, दो सेक्टर क्लस्टर प्रमुख और एक प्रबंधक-एनसीआर की भी नियुक्ति होगी। ब्यूरो